NewsBroadcastersAssociation

NBA

CIN: U22211DL2007NPL165480

प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल प्रसारणार्थ

नई दिल्ली, 10 मई, 2021.. न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एन.बी.ए.) ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फिल्म सिटी, नोएडा, में आज से शुरु किये गये नि:शुल्क कोविड वैक्सीनेशन कैम्प के आयोजन का स्वागत किया है।

आज पहले दिन विभिन्न न्यूज़ चैनलों, इंडिया टीवी, आज तक, न्यूज़ 24, एबीपी न्यूज़, टीवी 18, ज़ी न्यूज़ और न्यूज़ नेशन के मीडियापर्सन्स और उनके परिजनों को वैक्सीन दिया गया। [फोटो संलग्न]

कई अन्य न्यूज़ चैनल्स जैसे टाइम्स नाउ, टीवी 9 और टोटल टीवी के मीडियाकर्मी संभवत: कल वैक्सीन लगवाने आएंगे।

एक बयान में एन. बी.ए. के अध्यक्ष रजत शर्मा ने इस नि:शुल्क टीकाकरण शिविर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

श्री शर्मा ने कहा - "नोएडा राष्ट्रीय मीडिया का एक बड़ा केन्द्र है। यहां अलग-अलग टीवी चैनल्स में काम करने वाले पत्रकार बड़ी संख्या में काम करते हैं और रहते भी हैं। ये पत्रकार और कैमरापर्सन दिन-रात कोविड महामारी के बारे में मरीज़ों, उनके परिजनों, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात कर देश भर में दर्शकों तक खबरें पहुंचाते हैं और महामारी के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाते हैं। ये जोखिम भरा काम है। इसलिए इन सभी मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों के सामूहिक वैक्सीनेशन की तत्काल आवश्यकता है।"

एन.बी.ए. अध्यक्ष ने विगत 3 मई को मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर उनसे आग्रह किया था कि मीडियाकर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन लगाया जाय, और उसी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अधिकारियों को विशेष शिविर लगाने के बारे में निर्देश जारी कर दिया था. श्री शर्मा ने कहा कि "इसके लिए हम मुख्यमंत्री के आभारी हैं।"

Annie Joseph

एनी जोसेफ

सेक्रेटरी जनरल

Corporate Office: Mantec House, 2nd Floor, C- 56/5, Sector 62, Noida 201 301
Telefax:0120 – 4129712 **Email:** nba@nbanewdelhi.com**Website:**
www.nbanewdelhi.com**Registered Office:** FF-42, Omaxe Square, Commercial Centre,

कोविड -19 संक्रमण नियन्त्रण कार्यक्रम -चतुर्थ चरण
टीकाकरण बूथ
18+ सभी व्यक्तियों हेतु कोरोना टीकाकरण अभियान का
शुभारंभ
माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
श्री जय प्रताप सिंह जी

शुभारंभ